# घरेलू मांग बनेगी अर्थव्यवस्था की ताकत

## वर्ष 2026-27 में जीडीपी ग्रोथ 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान

**नई दिल्ली, 6 जनवरी. वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत की अर्थव्यवस्था को आने वाले वर्षों में घरेलू मांग और बैंक कर्ज से मजबूती मिलने की उम्मीद है. एसबीआई म्यूचुअल फंड की रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2026-27 में आर्थिक वृद्धि का आधार खपत और कर्ज रहेगा.**



नियंत्रित महंगाई, स्थिर मौद्रिक नीति और चुनिंदा सेक्टरों में निवेश से भारत की ग्रोथ कहानी मजबूत बनी रह सकती है. भारत की अर्थव्यवस्था को वित्त वर्ष 2026-27 में घरेलू खपत और बैंक कर्ज से बड़ा सहारा मिलने की संभावना है. एसबीआई म्यूचुअल फंड की मंगलवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, इस अवधि में देश की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर करीब 7.2 प्रतिशत रह सकती है, जबकि नॉमिनल जीडीपी में लगभग 11 प्रतिशत की बढ़ोतरी का अनुमान है. रिपोर्ट में कहा गया है कि बैंक कर्ज की रफ्तार आने वाले समय में तेज हो सकती है. वित्त वर्ष 2026-27 में कर्ज वृद्धि 13 से 14 प्रतिशत तक रहने की संभावना है. आंकड़ों के मुताबिक, मई 2025 में बैंक कर्ज वृद्धि दर 9 प्रतिशत थी, जो नवंबर 2025 तक बढ़कर 11.4 प्रतिशत हो चुकी है.

> रिपोर्ट के अनुसार, घरेलू परिवारों का कर्ज कंपनियों की तुलना में तेज गति से बढ़ सकता है. जिन क्षेत्रों में कर्ज आधारित खपत और बेहतर उत्पादों की मांग है, वहां मजबूत प्रदर्शन देखने को मिल सकता है. हालांकि, निर्यात अभी भी भारतीय अर्थव्यवस्था की कमजोर कड़ी बना हुआ है, लेकिन राहत की बात यह है कि महंगाई नियंत्रण में बनी हुई है. एसबीआई म्यूचुअल फंड का मानना है कि शेयर बाजार में 2025 के दौरान दिखा रुझान 2026 में भी जारी रह सकता है. उभरते बाजारों के शेयर और औद्योगिक वस्तुएं बेहतर प्रदर्शन कर सकती हैं.

## अमेजन पे ने भारत में सावधि जमा की शुरुआत की


**नयी दिल्ली, 06 जनवरी.** भुगतान सुविधा प्लेटफॉर्म अमेजन पे ने भारत में अपनी सेवाओं का विस्तार करते हुए मंगलवार को सावधि जमा सुविधा की शुरुआत की घोषणा की. अमेजन पे ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि उसने इसके लिए दो प्रमुख गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों श्रीराम फाइनेंस और बजाज फाइनेंस तथा पांच बैंकों शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक, सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक, साउथ इंडियन बैंक, स्लाइस और उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ रणनीतिक साझेदारी की है. ग्राहक अमेजन पे पर सिर्फ 1,000 रुपये से सावधि जमा खाता खोल सकते हैं. इसके लिए उन्हें संबंधित बैंक में बचत खाता खोलने की जरूरत भी नहीं होगी.

# चांदी के दाम ऑल टाइम हाई पर

**1.37** लाख पार हुआ सोना

**2.45** लाख पर पहुंची चांदी

**नई दिल्ली, 06 जनवरी. नए साल की शुरुआत के साथ ही बुलियन बाजार में जबरदस्त हलचल देखने को मिल रही है. चांदी ने इतिहास रचते हुए रुपए 2.45 लाख प्रति किलो का ऑल टाइम हाई छू लिया है, जबकि सोना भी रुपए1.37 लाख के करीब पहुंच गया है. कमजोर डॉलर, वैश्विक तनाव और बढ़ती औद्योगिक मांग ने कीमती धातुओं की कीमतों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा दिया है.**



देश के बुलियन बाजार में तेजी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. आज यानी 6 जनवरी को चांदी ने नया इतिहास बनाते हुए 2,44,788 प्रति किलो का ऑल टाइम हाई दर्ज किया. इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार एक ही दिन में चांदी 7,725 रुपए महंगी हो गई. इससे पहले इसका भाव 2,37,063 प्रति किलो था. वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत भी 741 रुपए बढ़कर 1,36,909 तक पहुंच गई. हालांकि सोने ने अपना ऑल टाइम हाई 29 दिसंबर 2025 को रुपए 1,38,161 पर बनाया था.

> आंकड़ों के मुताबिक, साल 2025 में सोना कुल ?57,033 यानी करीब 75 प्रतिशत महंगा हुआ. 31 दिसंबर 2024 को सोने का भाव ?76,162 था, जो 31 दिसंबर 2025 तक बढ़कर ?1,33,195 हो गया. वहीं चांदी ने तो निवेशकों को चौंकाते हुए 167 प्रतिशत की छलांग लगाई. एक साल में चांदी ?1,44,403 महंगी होकर ?2,30,420 प्रति किलो तक पहुंच गई. विशेषज्ञों के अनुसार सोने में तेजी के तीन बड़े कारण हैं—अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती से डॉलर का कमजोर होना, रूस-यूक्रेन युद्ध समेत वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव और चीन जैसे देशों द्वारा रिजर्व बैंक में बड़े पैमाने पर सोने की खरीद.

# एमजी विंडसर बनी भारत की नंबर-1 ईवी

**गुरुग्राम, 06 जनवरी. जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया ने साल 2025 में एमजी विंडसर की 46,735 यूनिटें बेचीं. एक ही ईवी मॉडल के लिए यह उपलब्धि हासिल करने वाली यह पहली ऑटो निर्माता कंपनी है. मुख्य झलकियाँ: एमजी विंडसर ने साल 2025 में सर्वाधिक माह-दर-माह वृद्धि दर्ज की और प्रतिमाह लगभग 4,000 कारें बेचीं.**



जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया की इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री साल 2024 के मुकाबले साल 2025 में 111प्रतिशत बढ़ी. एमजी विंडसर की सेल साल 2024 की चौथी तिमाही के मुकाबले साल 2025 की चौथी तिमाही में 20प्रतिशत से अधिक बढ़ी. जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया की एमजी विंडसर साल 2025 में भारत की सबसे अधिक बिकने वाली इलेक्ट्रिक कार बन गई है. एमजी विंडसर ने ऑटोमोटिव बाजार में काफी मजबूत मूल्य प्रस्ताव पेश किया है तथा यह अपने सेगमेंट में मार्केट लीडर के रूप में स्थापित हो गई है. साल 2025 में इस कार की 46,735 यूनिटें बिकी हैं.


एमजी विंडसर ने सफलता का एक ऐसा मानक स्थापित कर दिया है, जो इससे पहले भारत के इलेक्ट्रिक कार बाजार में अभी तक कोई भी ऑटो निर्माता कंपनी हासिल नहीं कर पाई है. एमजी विंडसर भारत की सबसे अधिक बिकने वाली इलेक्ट्रिक कार है. यह कार परिवारों को बहुत अधिक आकर्षित करती है. इसमें काफी विशाल केबिन स्पेस, बेहतर कम्फर्ट और शानदार फीचर्स मिलते हैं. ड्राईविंग के मामले में यह असाधारण अनुभव प्रदान करती है. आज यह भारत की सबसे अधिक चहेती और सबसे अधिक पुरस्कार जीतने वाली इलेक्ट्रिक कार है. इस उपलब्धि के बारे में अनुराग महरोत्रा, मैनेजिंग डायरेक्टर, जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया ने कहा, ''विंडसर आधुनिक समय का एक बेहतरीन ऑटोमोटिव चमत्कार है, जिसकी टेक्नोलॉजी तथा व्यवहारिक और भविष्य पर केंद्रित डिजाईन ने इलेक्ट्रिक कारों के सेगमेंट में नए मानक स्थापित कर दिए हैं.

# भारत की सर्विस इकॉनमी में मजबूती

**एचएसबीसी पीएमआई दिसंबर में 58 पर मजबूत**

**पीएमआई 50 से ऊपर विस्तार जारी**

**नई दिल्ली, 6 जनवरी. दिसंबर में भारत के सेवा क्षेत्र ने एक बार फिर मजबूती दिखाई है. एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई भले ही नवंबर के मुकाबले थोड़ा घटा हो, लेकिन यह अब भी विस्तार के मजबूत संकेत दे रहा है.**




नए घरेलू और निर्यात ऑर्डर, नियंत्रित महंगाई और स्थिर मांग ने सेवा क्षेत्र को सहारा दिया है, हालांकि साल के अंत में रफ्तार कुछ धीमी हुई है. भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दिसंबर 2025 में मजबूत बनी रही, हालांकि इसकी गति में मामूली नरमी देखने को मिली है. एसएंडपी ग्लोबल द्वारा तैयार एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स नवंबर के 59.8 से घटकर दिसंबर में 58 पर आ गया. इसके बावजूद यह सूचकांक 50 के स्तर से काफी ऊपर बना हुआ है, जो अर्थव्यवस्था में निरंतर विस्तार का संकेत देता है.

रिपोर्ट में कहा गया है कि दिसंबर का पीएमआई स्तर अपने लंबे समय के औसत 55 से भी ऊपर रहा, जिससे यह स्पष्ट होता है कि सेवा क्षेत्र की बुनियाद मजबूत है. हालांकि, पिछले 11 महीनों की तुलना में नए काम और उत्पादन की रफ्तार कुछ धीमी पड़ी है. इसका एक कारण यह भी बताया गया है कि कई कंपनियों ने फिलहाल नई भर्तियों पर रोक लगा दी है. इसके बावजूद नए काम और निर्यात से जुड़े ऑर्डरों में अच्छी बढ़ोतरी दर्ज की गई है.

# शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी

**मुंबई, 06 जनवरी. विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में मुनाफावसूली के कारण मंगलवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट देखी गयी.**




बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 376.28 अंक टूटकर 85,063.34 अंक पर बंद हुआ. टाटा समूह की रिटेल कंपनी ट्रेंट का शेयर 8.5 प्रतिशत से अधिक लुढ़क गया. रिलायंस इंडस्ट्रीज में भी मुनाफावसूली का दबाव रहा और इसका शेयर करीब 4.5 प्रतिशत टूटा. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की निफ्टी-50 सूचकांक 71.60 अंक यानी 0.27 फीसदी नीचे 26,178.70 अंक पर बंद हुआ. मझौली कंपनियों के सूचकांक निफ्टी मिडकैप-50 में 0.06 फीसदी और छोटी कंपनियों के निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 0.22 प्रतिशत की गिरावट रही. तेल एवं गैस, रसायन और मीडिया सूचकांकों में गिरावट रही. स्वास्थ्य, फार्मा, आईटी और सार्वजनिक बैंकों के समूहों के सूचकांक बढ़त में बंद हुए. सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट और रिलायंस इंडस्ट्रीज के अलावा आईटीसी और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर 2.02 प्रतिशत टूटे.

# एनबीएफसी को आरबीआई की सख्त सलाह

**एसेट क्वालिटी और अंडरराइटिंग पर जोर**

**जिम्मेदार लेंडिंग अपनाने के निर्देश**

**मुंबई, 06 जनवरी. भारतीय रिजर्व बैंक ने नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनियों की बढ़ती भूमिका को देखते हुए सतर्कता बढ़ा दी है. मजबूत आर्थिक वृद्धि और तेज कर्ज विस्तार के बीच आरबीआई गवर्नर ने एनबीएफसी कंपनियों को अंडरराइटिंग मानकों और एसेट गुणवत्ता पर कड़ी निगरानी रखने की सलाह दी है.**



केंद्रीय बैंक ने जिम्मेदार लेंडिंग और ग्राहक हितों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया है. भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने सोमवार को चुनिंदा बड़ी नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक कर लोन वितरण में सतर्कता बरतने और एसेट गुणवत्ता पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए. यह बैठक ऐसे समय पर हुई है, जब देश में आर्थिक गतिविधियां तेज हैं और कर्ज की मांग लगातार बढ़ रही है. आरबीआई की ओर से जारी बैठक में सरकारी एनबीएफसी, हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों और माइक्रोफाइनेंस संस्थानों के एमडी और सीईओ शामिल हुए. गवर्नर ने कहा कि अर्थव्यवस्था में लोन प्रवाह बनाए रखने में एनबीएफसी की अहम भूमिका है, लेकिन इसके साथ मजबूत अंडरराइटिंग स्टेंडर्ड और जोखिम प्रबंधन भी उतना ही जरूरी है. संजय मल्होत्रा ने सेक्टर में निवेशकों और ग्राहकों का भरोसा बनाए रखने के लिए ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण, नैतिक आचरण, जिम्मेदार लेंडिंग और शिकायतों के त्वरित निपटारे पर विशेष जोर दिया. उन्होंने कहा कि एनबीएफसी का व्यवस्थित और टिकाऊ विकास तभी संभव है, जब गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए. आरबीआई ने बताया कि इस बैठक में शामिल कंपनियों के पास एनबीएफसी सेक्टर की कुल परिसंपत्तियों का लगभग 53 प्रतिशत हिस्सा है. इससे पहले इस तरह की बैठक 13 फरवरी 2025 को आयोजित की गई थी. बैठक में इंडस्ट्री से जुड़े सेल्फ-रेगुलेटरी संगठनों—सा-धन, माइक्रोफाइनेंस इंस्टीट्यूशंस नेटवर्क और फाइनेंस इंडस्ट्री डेवलपमेंट काउंसिल—के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया. चर्चा के दौरान प्रतिभागियों ने नीति और परिचालन से जुड़े मुद्दों पर अपने सुझाव साझा किए. इस अवसर पर डिप्टी गवर्नर टी. रवि शंकर, स्वामिनाथन जे, पूनम गुप्ता, एस.सी. मुर्मू, नेशनल हाउसिंग बैंक के एमडी-सीईओ और आरबीआई के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे.

# कच्चा तेल छह महीने में 51 डॉलर तक टूटेगा : एसबीआई

**नई दिल्ली, 06 जनवरी. इस साल जून तक अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल 51 डॉलर प्रति बैरल तक टूट सकता है और रुपया तीन प्रतिशत मजबूत होकर 88 रुपये प्रति डॉलर तक पहुंच सकता है. भारतीय स्टेट बैंक की बाजार अध्ययन इकाई एसबीआई रिसर्च ने सोमवार को एक रिपोर्ट में यह बात कही है.**

उसने बताया कि ओपेक प्लस देशों के उत्पादन बढ़ाने के फैसले से आम तौर पर कच्चे तेल की कीमतों में नरमी रही है. बाद में उत्पादन घटाने की रणनीति के बावजूद दाम नहीं बढ़े हैं. साल 2022 से अब तक मध्यम अवधि में मानक ब्रेंट क्रूड और भारतीय बास्केट में कच्चे तेल की कीमत टूटी है. ओपेक प्लस में तेल निर्यातक देशों के संगठन ओपेक के अलावा कुछ गैर-ओपेक तेल निर्यातक देश भी शामिल हैं. रिपोर्ट में कहा गया है कि साल 2026 के लिए ब्रेंट क्रूड का परिदृश्य इसमें गिरावट के संकेत देता है. अमेरिकी ऊर्जा सूचना प्रशासन ने भंडार बढ़ने के कारण इस साल जनवरी-मार्च में ब्रेंट क्रूड की औसत कीमत 55 डॉलर प्रति बैरल रहेगी. उसने कहा है कि कच्चे तेल के भारतीय बास्केट से ब्रेंट 98 प्रतिशत जुड़ा हुआ है. इससे जाहिर है कि भारतीय बास्केट में भी नरमी आयेगी. एसबीआई रिसर्च ने बास्केट के कच्चे तेल की कीमत मार्च तक घटकर 53.31 डॉलर और जून तक 51.85 डॉलर प्रति बैरल पर आने का अनुमान जताया है.

# यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री 44.75 लाख पर

**नई दिल्ली, 06 जनवरी. देश में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री साल 2025 में 9.7 प्रतिशत बढ़कर 44.75 लाख पर पहुंच गयी.**

वाहन डीलर संगठनों के महासंघ फाडा द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि पिछले साल देश में कुल 2,81,61,228 वाहन बिके जो साल 2024 के मुकाबले 7.71 प्रतिशत अधिक है. इसमें यात्री वाहनों की बिक्री 9.7 फीसदी बढ़कर 44,75,309 इकाई पर पहुंच गयी. दुपहिया की बिक्री 7.24 फीसदी की वृद्धि के साथ 2,02,95,650 इकाई रही. फाडा के अध्यक्ष सी.एस. विग्नेश्वर ने कहा कि साल के दौरान जनवरी-अगस्त की कहानी सितंबर-दिसंबर की कहानी से बिल्कुल अलग रही. पहले आठ महीने में मांग में कुछ खास वृद्धि नहीं हुई, लेकिन वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में अगली पीढ़ी के सुधारों की घोषणा के बाद छोटी कारों, 350सीसी से कम के दुपहिया, तिपहिया और महत्वपूर्ण वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में गिरावट से अंतिम चार महीने में वाहन उद्योग ने जबरदस्त उड़ान भरी. खास बात यह रही कि यात्री वाहनों (कार, उपयोगी वाहन और वैन) के खंड में ग्रामीण क्षेत्रों की खुदरा मांग शहरी क्षेत्रों के मुकाबले कहीं ज्यादा तेजी से बढ़ी. शहरी क्षेत्र की वृद्धि दर 8.08 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्र की 12.31 प्रतिशत रही. साल के दौरान तिपहिया की बिक्री 7.21 प्रतिशत बढ़कर 13,09,953 इकाई और वाणिज्यिक वाहनों की 6.71 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 10,09,654 इकाई पर पहुंच गयी. अच्छे मानसून और जीएसटी घटने से ट्रैक्टरों की बिक्री 11.52 प्रतिशत की मजबूत बढ़ोतरी के साथ 9,96,633 इकाई हो गयी.

# बागी नेताओं के लिए कांग्रेस का 'चक्रव्यूह'

**नई दिल्ली.** असम विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने एक ऐसी धांसू रणनीति तैयार की है, जिसे जानकर हर कोई हैरान है. अक्सर देखा जाता है कि चुनाव के समय टिकट न मिलने पर नेता अपनी ही पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोल देते हैं, लेकिन अब ऐसा करना मुमकिन नहीं होगा. कांग्रेस आलाकमान ने बगावत को जड़ से खत्म करने के लिए एक विशेष 'अंडरटेकिंग' का नियम बनाया है. इस नई व्यवस्था के तहत टिकट की दावेदारी पेश करने से पहले नेताओं को एक कसम खानी होगी. पार्टी ने टिकट चाहने वालों के लिए एक खास एप्लीकेशन फॉर्म जारी किया है, जिसे भरना हर दावेदार के लिए अनिवार्य है. लेकिन यह फॉर्म सिर्फ एक कागज का टुकड़ा नहीं है, बल्कि इसमें कड़े नियम और शर्तें शामिल हैं. फॉर्म भरने का मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि टिकट पक्का हो गया. पार्टी सभी आवेदनों की बारीकी से जांच करेगी और जो उम्मीदवार सबसे मजबूत लगेगा, उसी पर भरोसा जताएगी. खास बात यह है कि फॉर्म भरते समय ही नेता को लिखित में वादा करना होगा.


**International Institute for Population Sciences**
(Deemed to be University)
Under the Ministry of Health & Family Welfare, Govt. of India
Govandi Station Road, Deonar, Mumbai 400 088
Website: https://www.iipsindia.ac.in

**ADMISSION ANNOUNCEMENT FOR THE ACADEMIC YEAR 2026–2027 THROUGH CUET-PG**

This is to inform all prospective candidates that the admission process for the Academic Year 2026–2027 will be conducted through the **Common University Entrance Test for Postgraduate Programmes (CUET-PG).** All the candidates who wish to apply for the following postgraduate programmes at IIPS are required to appear for the **CUET-PG** exam:

1. **Master of Arts / Science in Population Studies**
2. **Master of Science in Biostatistics and Demography**
3. **Master of Science in Survey Research and Data Analytics**

The Institute provides a **Government of India fellowship of Rs. 5,000/- per month and hostel accommodation to** all the students admitted to these programmes.
For detailed information on the CUET process, programmes offered, eligibility criteria, and to submit your application, please click the link given below: https://exams.nta.nic.in/cuet-pg/

Director & Senior Professor (Additional Charge)

**PROCLAMATION REQUIRING ATTENDANCE OF DEFENDANT**
(Order 5 Rule 20 of the Code of Civil Procedure)
**IN THE COURT OF SH. RAKESH PANDIT, DISTRICT JUDGE (COMM COURT)-04,COURT NO. 509, SOUTH-WEST DISTRICT, DWARKA COURTS, NEW DELHI**
**SUIT NO.: CS (COMM)/233/2025**

**PUNJAB NATIONAL BANK** ....PLANTIFF
Vs
**RADHIKA STORE AND DAIRY THROUGH ITS PROPRIETOR** ...DEFANDANT

TO,
**1.M/S RADHIKA STORE & DAIRY THROUGH ITS PROPRIETOR NAMELY ROSHNI DEVI PRAJAPATI** Address: Shop No. 2, CSC Market,Sec-18B, Dwarka, New Delhi-110078.Mob No. 9565391305.
**2. ROSHNI DEVI PRAJAPATI PROPRIETOR OF RADHIKA STORE AND DAIRY** ADDRESS: 19A, First Floor,Block-G, Gali No.18,Near Som Bazar Road, Uttam Nagar,New Delhi-110059. Mob No. 9565391305. **ALSO AT:** Block A-10, 3rd Floor,Sector-7, Dwarka. **ALSO AT:** Gram Nibikheda,Post-Kautheha, Tehsil Gaurihar,District-Chhatarpur, Madhya Pradesh. Mob No. 9565391305.
**S/O SH. INDER SINGH** H. No. 14/14 Police Station Sikanderpur DLF-II Gurgaon-122002, Haryana Mob: 8368388739
**Whereas Plaintiff** has instituted the above **Commercial Suit for Recovery** against the defendant. You are hereby summoned to appear in this Court in person or by a pleader **on 13.01.2026 at 10:00 AM,** to answer the same, failing which the Suit will be disposed of Ex-Parte.
Given under my hand and the seal of the Court, this **13th Day of December 2025,**
**NOTE:** Defendant is informed to file Written Statement alongwith Statement of Truth and Affidavit of Admission and Denial of Documents within a period of 30 days (maximum 120 days) from the date of receipt of Summons with advance copy to the Plaintiff.
Sd/-
(SEAL) **District Judge (Commercial Court)-04 South-West District, Court No. 509,5th Floor District Courts, Dwarka, New Delhi**

**नाम परिवर्तन**

मैं, आयुष तिवारी, निवासी- ई-08, सर्वोदय कॉलोनी, सीटीओ, बैरागढ़, तहसील हुजूर, जिला भोपाल, मध्यप्रदेश कथन करता हूं कि मेरे पिता श्री सूरज कुमार तिवारी, आर्मी से रिटायर्ड है जिनके सर्विस रिकॉर्ड (सर्विस नं 14646674K) में मेरा नाम आयुष कुमार तिवारी एवं मेरी जन्म तिथि 29.12.2006 दर्ज है जबकि मेरा वास्तविक नाम आयुष तिवारी एवं जन्म तिथि 29.12.2007 है मेरे पिता के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में आयुष कुमार तिवारी के स्थान पर आयुष तिवारी एवं गलत जन्म तिथि 29.12.2006 के स्थान पर सही जन्म तिथि 29.12.2007 दर्ज किया जावे। शपथ पत्र दिनांक 24.12.2025

**Name Change**

Myself Tarannum Ahmad W/O Sarfaraz Ahmad khan (Service no 725091 -K Rank Ex-SGT), Previously known as TARANNUM NISHAT, My changed name is TARANNUM AHMAD. All my documents have this name only.
Address : Resident of B-174, Indra Vihar Colony, Near Faiz Masjid Airport Road, Bhopal

**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**
**प्रगति भवन प्रेस कॉम्प्लेक्स जोन-1**
**महाराणा प्रताप नगर भोपाल**
प्रॉपटी आई.डी.नं. 6600080262, आवेदन क्रमांक-9921
आवेदन दिनांक-29/10/2025 दिनांक: 05/01/2026
क्रमांक 1013 / राजस्व / भोविप्रा /26 भोपाल

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की रक्षा विहार योजना में स्थित भूखंड क्रमांक 262 सेक्टर सी श्री जे .एम. खन्ना आत्मज श्री आई.डी. खन्ना के नाम पर आवंटित है। आवंटी का स्वर्गवास दिनांक-27.08.2025 को हो जाने के कारण आवंटी के वारिस श्रीमती कमला खन्ना पत्नी श्री जे.एम.खन्ना, श्रीमती प्रतिभा मजूमदार पुत्री श्री जे.एम.खन्ना, श्रीमती निवेदित्ता आहूजा पुत्री श्री जे.एम.खन्ना, एवं श्री अविन खन्ना पुत्र श्री जे.एम .खन्ना, द्वारा आवेदन पत्र के साथ आवंटी का मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आधार कार्ड एवं तथा वांछित प्रपत्रों को प्रस्तुत कर उक्त भूखंड सयुक्त नाम पर नामांतरण चाहा गया है । उक्त नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य दस्तावेजो के साथ अधोहताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**राजस्व अधिकारी**
**भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**

**OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION SAGAR**
Ph. No.- 07582-229454, Fax- 07582, Email: commsagar@mpurban.gov.in

NIT No. NN/PWD/Sagar/e-tender/2025/38 Sagar, Date 05/01/26

**NOTICE INVITING ONLINE TENDER**

Online tenders are invited from contractors registered in the centralised system for the following works:-

| Online Tender No. | Name of work | Probable Amount of Contract (In Rupees) | Earnest Money Deposit (EMD) (In Rupees) | Cost of Bid Document (In Rupees) | Category Contractor | Period of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2025_ UAD_ 473371_1 | CONSTRUCTION OF 07 MANGAL BHAWANS AT SAGAR M.P. | 7,63,85,492/- | 3,81,928/- | 20,000/- | Appropriates Category | 12 Months |
| 2025_ 473374_1 | CONSTRUCTION OF SPORTS FACILITIES AT SAGAR M.P. | 5,06,51,936/- | 2,53,260/- | 20,000/- | Appropriate Category | 12 Months |

1. Interested bidders can view the NIT on website https://mptenders.gov.in Under Directorate Urban Administration and Development Department.
2. The Bid document can be purchased and submitted only online from 07.01.2026, 10:30 am to 09.02.2026, 05.30 pm.
3. Sagar Municipal Corporation, reserves all the rights to accept/reject any/all bid(s) without assigning any reason thereof.

Commissioner
Municipal Corporation Sagar
District Sagar (M.P.)

भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी-पेस),
आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वी मंजिल,
प्लाट ढ-6,7,8, से.-5, आई.एम.टी. मानेसर, गुडगाँव,
हरियाणा - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Corporate Affairs
Centre for Processing Accelerated Corporate Exit (C- PACE)
IICA Building, 7th Floor,
Plot P-6,7,8, Sector- 5, IMT Manesar,
Gurgaon, Haryana -122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

**प्रारूप संख्या एसटीके 6**
**सार्वजनिक सूचना**

{ कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में }

**सार्वजनिक नोटिस : ROC/C-PACE/STK-2/248(2)/2025-26/1670** दिनांक : 31/12/2025

**संदर्भ:**

1. कम्पनी अधीनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित (17) कम्पनियों का नाम मध्य प्रदेश राज्य से हटाने के मामले में:

| SNo. | Work Item | CIN | Hindi Name |
|---|---|---|---|
| 1 | AB9974122 | U20237MP2024PTC070850 | इवाची वेंचर प्राइवेट लिमिटेड |
| 2 | AB9224449 | U50400MP2021PTC055403 | ग्रेटर राजपूत प्राइवेट लिमिटेड |
| 3 | AC0039254 | U43290MP2024PTC069192 | पुरोहित एंड पिपाड़ा इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड |
| 4 | AB9143691 | U85100MP2015PTC034830 | जर्मन फिटनेस प्राइवेट लिमिटेड |
| 5 | AB9522599 | U15490MP2022OPC059105 | पाखीश्री (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड |
| 6 | AB9446283 | U40106MP2015PTC034287 | फिनेरो एनर्जी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 7 | AB9866763 | U24124MP2013PTC031342 | फार्मवेल एग्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड |
| 8 | AB9334774 | U74999MP2021OPC058454 | एटिओस डिजाइंस (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड |

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे हैं या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षों से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रुप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अतः कम्पनी रजिस्ट्रार से अपना / अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है ।
3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है
4. यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं ।

इरकान तिर्की
उप - पंजीयक
त्वरित कॉपोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र

CBC 07123/11/0569/2526